भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5269

उत्तर देने की तारीख 03 अप्रैल, 2023 (सोमवार)

13 चैत्र, 1945 (शक)

प्रश्न

पीएम-डिवाइन योजना के अंतर्गत युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका का सृजन

5269. श्री पल्लब लोचन दास:

क्या उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पीएम-डिवाइन योजना के तहत 15000 करोड़ रुपये के आवंटन के लिए परियोजनाओं की पहचान की है;

(ख) क्या उक्त योजना से उत्तर-पूर्व क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका सृजित होगी; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 1,500 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन के साथ एक नई केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम के रूप में घोषित किया गया था। पीएम-डिवाइन स्कीम के लिए कैबिनेट की मंजूरी 12 अक्टूबर, 2022 को दी गई थी। 100% केंद्रीय वित्त पोषण वाली इस स्कीम में वर्ष 2022-23 से 2025-26 (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्षों) तक 4 साल की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये का परिव्यय है।

पीएम-डिवाइन के उद्देश्य हैं: (i) पीएम गतिशक्ति की भावना के अनुरूप अवसंरचना को अभिसरण रूप से वित्त पोषित करना; (ii) पूर्वोत्तर क्षेत्र की महसूस की गई आवश्यकताओं के आधार पर सामाजिक विकास परियोजनाओं की सहायता करना; (iii) युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका कार्यकलापों को सक्षम बनाना; और (iv) विभिन्न क्षेत्रों में विकास अंतराल को भरना।

बजट 2022-23 में घोषित सात परियोजनाओं सहित 1,503.44 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाओं (अनुबंध-I में विवरण) को वित्त वर्ष 2022-23 में मंजूरी के लिए चुना गया है।

पीएम-डिवाइन स्कीम परियोजनाओं से अवसंरचना का निर्माण, सामाजिक विकास परियोजनाओं तथा उद्योगों की सहायता होगी एवं युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका गतिविधियों का निर्माण होगा, और इस प्रकार आय और रोजगार का सृजन होगा।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 03.04.2023 को लोक सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5269 के उत्तर (क से ग) में संदर्भित अनुबंध-I

क्र. सं.	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)
1	डॉ. बी. बोरुआ कैंसर संस्थान (बीबीसीआई), गुवाहाटी में पूर्वोत्तर भारत में बाल चिकित्सा और वयस्क हेमटोलिम्फोइड कैंसर के प्रबंधन के लिए समर्पित सेवाओं की स्थापना	129.00
2	नैक्टर आजीविका सुधार परियोजना (बहु-राज्य): मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए बनाना स्यूडो स्टेम के उपयोग पर मूल्य श्रृंखला	67.00
3	उन्नत कृषि तकनीक और डिजिटल डेटा प्रबंधन का उपयोग करके किसानों की क्षमता निर्माण और प्रमाणन की सुविधा के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत में वैज्ञानिक जैविक कृषि को बढ़ावा देना। (बहु-राज्य)	45.00
4	मिजोरम में पश्चिमी किनारे पर आइजोल बाईपास का निर्माण	500.00
5	मिजोरम में 33.58 करोड़ रुपये की लागत से तुइरियल एयरफील्ड से नॉर्थ चाल्टलांग (18 किमी) तक; और 66.42 करोड़ रुपये की लागत से लेंगपुई से साइफल बांस बागान (41 किमी) तक बैम्बू लिंक सड़कों का निर्माण और उन्नयन	100.00
6	पश्चिम सिक्किम में पेलिंग से सांगा-चोएलिंग तक यात्री रोपवे प्रणाली के लिए गैप फंडिंग	64.00
7	दक्षिण सिक्किम में धापर से भालेडुंगा तक यात्री रोपवे के लिए गैप फंडिंग	58.00
8	लोक निर्माण विभाग, असम सरकार द्वारा असम के कामरूप जिले में 20 स्कूलों का उत्कृष्टता केंद्र के रूप में रूपांतरण	132.86
9	मेघालय सरकार के शहरी कार्य निदेशालय द्वारा न्यू शिलांग टाउनशिप में नई चार-लेन सड़क का निर्माण और साइकिल ट्रैक, यूटीलिटी डक्ट्स, फुटपाथों आदि के साथ मौजूदा दो-लेन सड़क को चार-लेन में परिवर्तित करना	146.79
10	नागालैंड सरकार के अल्प विकसित क्षेत्र विभाग (डूडा) द्वारा पूर्वी नागालैंड के विशेष विकास से संबंधित आजीविका परियोजनाएं	180.00
11	विद्युत विभाग, त्रिपुरा सरकार द्वारा त्रिपुरा में दूरस्थ बस्तियों को विद्युत की सुनिश्चित आपूर्ति के लिए सौर माइक्रो ग्रिड की स्थापना	80.79
	कुल	**1,503.44**

*****